>

Title: Need to take steps to ensure timely supply of fertilizer to the farmers in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आप के माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि वर्तमान में झारखण्ड राज्य में दो वर्ष से सूखा पड़ा है। इस वर्ष ईश्वर की कृपा से अच्छी बारिश हो रही है। उस राज्य का सौभाग्य या दूर्भाग्य कहे जब सूखाड़ पड़ा तो केन्द्र सरकार से जो राहत मिलनी चाहिए वह नहीं मिली। आज के तारीख में एक ही फसल उस राज्य में होता है। वह धान की फसल है। वर्तमान में जो खाद समय पर मिलना चाहिए, जैसे एपीपी, डीएपी, यूरिया ऐसी कोई खाद आज की डेट में केन्द्र सरकार झारखण्ड सरकार को मुहैया नहीं कर रही है। हम लोगों को यह पता भी नही है कि हमारे गिरिडीह जैसे लोकसभा क्षेत्र में तीन-तीन जिला है और वहां भारत सरकार का खाद की कहां दुकान है, कौन उसका डिलर है? जो वहां के प्राइवेट डिलर हैं, वे केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित सामान को भी नहीं उठा रहे हैं जिसके कारण वहां के किसानों को खाद समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। झारखण्ड सरकार के द्वारा भारत सरकार को अपना क्या डिमाण्ड है उसको भेजा गया है लेकिन यहां से वह खाद स्टेट में नहीं जा रहा है। जिसके कारण लगता है कि झारखण्ड तीसरी बार अकाल की चपेट में जाएगा। मेरा आप के माध्यम से आग्रह है कि अविलम्ब वहां पर खाद उपलब्ध करवाया जाए ताकि वहां के किसानों को लाभ मिले। सिन्दरी जैसा फर्टिलाइजर कारखाना भी वहां बंद है उसे भी चालू करवाने का काम करें।